दबंगों ने दम्पती को लाठी-डंडों से पीटा, मोबाइल फोन भी तोड़ा

चायल,कौशाम्बी। चरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले जलालपुर शाना गांव में एक बेहद अजीबोगरीब और हैरान करने वाला मामला सामने आया है। यहाँ स्नान करते समय 'हर हर गंगे' का उच्चारण करने पर उपजे विवाद में पड़ोसियों ने एक युवक और बीच-बचाव करने पहुँची उसकी पत्नी की लाठी-डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना के बाद से पीड़ित परिवार सदमे में है और पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जलालपुर शाना निवासी भानू कुमार हेला पुत्र स्वर्गीय जियालाल रविवार की सुबह अपने घर के बाहर लगे नल पर स्नान कर रहे थे। नहाते समय वह परंपरा के अनुसार हर हर गंगे बोल रहे थे। आरोप है कि पास में मौजूद पड़ोसियों ने इस धार्मिक उद्घोष को गाली समझ लिया और इसी बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया।?विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने आव देखा न ताव लाठी-डंडों से हमला कर दिया। इस मारपीट में उनके सिर पैर और शरीर के अन्य संवेदनशील हिस्सों में गंभीर चोटें आई हैं। पति पर हो रहे हमले का शोर सुनकर भानू की पत्नी शालिनी देवी तुरंत मौके पर पहुँची और बीच-बचाव करने का प्रयास किया। आरोप है कि हमलावरों ने महिला को भी नहीं बख्शा और लाठी-डंडों से उसकी भी पिटाई कर दी। इतना ही नहीं हंगामे के दौरान आरोपियों ने पीडिता का स्मार्टफोन भी तोड़ दिया जिससे उन्हें काफी नुकसान हुआ है। शोरगुल सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर इकट्ठा हुए जिन्हें देखकर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। घटना के बाद घायल दंपति ने थाने पहुंचकर चार नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी और सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। चरवा थाना पुलिस ने तहरीर प्राप्त कर ली है और मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस टीम ने जांच-पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि तथ्यों के आधार पर जल्द ही आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रियंका का नेशनल चैम्पियनशिप कैम्प में चयन

कौशाम्बी। करारी कस्बा स्थित डा० एएच रिजवी स्प्रिंग फील्ड स्कूल की प्रतिभाशाली छात्रा प्रियंका निर्मल का स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) क्रिकेट नेशनल चैंपियनशिप कैंप २०२६ में चयन हुआ है। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है। शानदार सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक करार हुसैन उर्फ राशिद ने प्रियंका निर्मल को हार्दिक बधाई दी है। उन्होंने विद्यालय के खेल शिक्षक के प्रयासों, मार्गदर्शन और समर्पण की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने में शिक्षक की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विद्यालय के प्रधानाचार्य धर्मेंद्र कुमार ने भी प्रियंका निर्मल को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रियंका की सफलता उसके कठिन परिश्रम, लगन, अनुशासन व निरंतर अभ्यास का परिणाम है। उन्होंने कहा कि मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर विद्यार्थी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं। प्रधानाचार्य ने प्रियंका के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए आशा व्यक्त की कि वह आगे भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करेगी।

ननमई में जगह-जगह लगा गंदगी का अम्बार

कौशाम्बी। ब्लाक कड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत ननमई में साफ सफाई की व्यवस्था बदहाल है। गांव के बाहर जगह-जगह गंदगी और प्लास्टिक की कैरी बैग का अंबार लगा हुआ है चारों तरफ फैली गंदगी से ग्रामीण परेशान हैं वहीं कचरा निस्तारण के लिए बनाया गया कचरा घर भी धूल से पटा हुआ है और महज शोपीस बनकर रह गया है। गांव स्थित कचरा घर के अंदर बने शौचालय की हालत भी बेहद खराब है शौचालय के अंदर लगी बेसिन और सीट टूटी हुई हैं। परिसर में गंदगी का अंबार लगा हुआ है। ग्रामीण अल्ताफ अली और सनाउल मुस्तफा का कहना है कि गांव में नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं कराई जाती है। कचरा घर बनने के बावजूद उसका समुचित उपयोग नहीं हो रहा है। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से गांव में नियमित सफाई कराने और कचरा घर व शौचालय की व्यवस्था दुरुस्त कराने की मांग की है। चेतावनी दी है कि अगर व्यवस्था में जल्द सुधार नहीं लाया गया तो वह मुख्यालय पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

नेत्र शिविर में मरीजों की हुई जांच, ७४ को बांटे गये चश्मे

कौशाम्बी। नगर पालिका के बाल गोबिंद सरस्वती विद्याश्रम में रविवार को अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज गुप्ता के निर्देश में डॉ. कमल कुमार और डॉ. उमाकांत की टीम ने सहायक लवकुश कुमार के साथ करीब ३०० लोगों की आंखों की जांच की। मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं।

स्थानीय नगर पालिका के बाल गोबिंद सरस्वती विद्याश्रम में रविवार को अंधत्व निवारण कार्यक्रम के तहत नि:शुल्क नेत्र शिविर लगाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज गुप्ता के निर्देश में डॉ. कमल कुमार और डॉ. उमाकांत की टीम ने सहायक लवकुश कुमार के साथ करीब ३०० लोगों की आंखों की जांच की। मरीजों को नि:शुल्क दवाएं भी वितरित की गईं। शिविर में जांच के दौरान ७४ लोगों को चश्मे की जरूरत मिली, जिन्हें मौके पर ही नि:शुल्क चश्मे दिए गए। वहीं, मोतियाबिंद से पीडित ११ मरीजों को एंबुलेंस से सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड चित्रकूट भेजा गया। वहां उनके ऑपरेशन के साथ लेंस प्रत्यारोपण किया जाएगा। आयोजक प्रवेश केसरवानी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद लोगों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाना है। इस दौरान राजेश अग्रहरि, वीरेंद्र केशरी, अखिलेश कौशल, विवेक मधुकर, राम प्रकाश केसरवानी और पप्पू कौशल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

यूपीएसएसएससी पीईटी परीक्षा केन्द्रों का एसपी ने किया निरीक्षण



परीक्षा केन्द्र पर सुरक्षा को लेकर निरीक्षण करते एसपी ।

कौशाम्बी। जिले में आयोजित हो रही यूपीएसएसएससी पीईटी परीक्षा को शांतिपूर्ण,निष्पक्ष और सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है।पुलिस अधीक्षक सत्यनारायण ने आज जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर तैनात सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और ड्यिूटी में लगे पुलिसकर्मियों की सतर्कता को परखा।एसपी ने पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। परीक्षार्थियों के आवागमन को व्यवस्थित बनाए रखने तथा परीक्षा केंद्रों के आस-पास भीड़-भाड़ को नियंत्रित करने के भी निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। सभी केंद्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने कंट्रोल रूम का भी अवलोकन किया और केंद्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता को परखा। इसके साथ ही उन्होंने अभ्यर्थियों की चेकिंग प्रक्रिया, सुरक्षा व्यवस्था, सीटिंग प्लान के साथ-साथ पीने के पानी और रोशनी जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता की भी समीक्षा की। उप जिलाधिकारी ने केंद्र व्यवस्थापक और आंतरिक सचल दल (उड़नदस्ता) को परीक्षा समाप्ति तक लगातार मुस्तैद रहने और हर संदिग्ध गतिविधि पर पैनी नजर रखने की हिदायत दी। उन्होंने कहा कि अभ्यर्थियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा जाए। इस दौरान तहसील प्रशासन की टीम, सुरक्षा बल के जवान और कॉलेज के प्रशासनिक स्टाफ उपस्थित रहे।

स्टार्टर जलने से २० घंटे ठप रही जलापूर्ति, लोग परेशान

कौशाम्बी। कड़ा में पानी की सप्लाई देने वाली मोटर का स्टार्टर जलने से करीब २० हजार की आबादी को पानी की किल्लत झेलनी पड़ी। शनिवार शाम जला स्टार्टर रविवार दोपहर करीब दो बजे बदला गया। इस दौरान जलापूर्ति ठप रहने से लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ा। पानी नहीं मिलने से लोगों को स्नान करने, भोजन बनाने और अन्य काम निपटाने में दिक्कत हुई।

कड़ा में पानी की सप्लाई देने वाली मोटर का स्टार्टर जलने से करीब २० हजार की आबादी को पानी की किल्लत झेलनी पड़ी। शनिवार शाम जला स्टार्टर रविवार दोपहर करीब दो बजे बदला गया। इस दौरान जलापूर्ति ठप रहने से लोगों को दैनिक जरूरतों के लिए परेशान होना पड़ा। पानी नहीं मिलने से लोगों को स्नान करने, भोजन बनाने और अन्य काम निपटाने में दिक्कत हुई। मजबूरी में लोगों को आसपास के घरों में लगे सबमर्सिबल पंप और हैंडपंप से पानी लाना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि बार-बार मांग के बावजूद पंप पर अतिरिक्त मोटर और स्टार्टर की व्यवस्था नहीं की जा रही है। इससे खराबी आने पर जलापूर्ति प्रभावित होती है। कड़ा धाम में प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु मां शीतला के दर्शन-पूजन के लिए पहुंचते हैं। पानी की आपूर्ति बाधित होने से स्थानीय लोगों के साथ श्रद्धालुओं को भी परेशानी हुई। लोगों ने जिलाधिकारी से पंप पर दो मोटर और दो स्टार्टर की व्यवस्था कराने की मांग की है, ताकि खराबी आने पर वैकल्पिक व्यवस्था से जलापूर्ति जारी रखी जा सके।

मारपीट में आठ का चालान

कौशाम्बी। जिले में छोटी छोटी बातों को लेकर मारपीट कर शांतिभंग करने वाले आठ अभियुक्तो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पकडे गये अभियुक्तो के खिलाफ शांतिभंग की कारवाई करते हुए न्यायालय के लिए चालान कर दिए।

साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता रैली निकालकर आमजन को किया जागरूक



साइबर अपराध के बारे में लोगों को जागरूक करते पुलिसकर्मी

कौशाम्बी। साइबर अपराधों की रोकथाम एवं आमजन को साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से कौशाम्बी पुलिस द्वारा जागरूकता रैली निकालकर लोगों को साइबर अपराधों के विभिन्न तरीकों एवं उनसे बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। रैली के माध्यम से लोगों को फिशिंग लिंक, व्हाट्सऐप फ्रॉड, डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन ठगी, फर्जी निवेश, सोशल मीडिया फ्रॉड तथा ध्ऊइ एवं बैंकिंग धोखाधड़ी जैसे साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही बताया गया कि किसी अनजान लिंक पर क्लिक न करें, अपना एवं बैंक संबंधी गोपनीय जानकारी किसी से साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल या वीडियो कॉल पर विश्वास करने से पहले उसकी सत्यता की जांच अवश्य करें। कौशाम्बी पुलिस द्वारा आमजन से अपील की गई कि साइबर अपराध का शिकार होने पर तत्काल साइबर हेल्पलाइन नंबर १९३० पर कॉल करें अथवा आधिकारिक वेबसाइट पार शिकायत दर्ज कराएं। जिससे समय रहते हुए पुलिस अपराधियों के खिलाफ कारवाई कर सके।

नवविवाहिता को ससुराल वालों ने पीटकर घर से निकाला

महगांव,कौशाम्बी। संदीपन घाट थाना क्षेत्र के मूरतगंज चौकी अंतर्गत जलालपुर बोरियों गांव में शनिवार की शाम दहेज और घरेलू विवाद को लेकर ससुरालियों द्वारा एक महिला के साथ बर्बरतापूर्वक मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पीडिता का आरोप है कि ससुराल वालों ने न केवल उसे बुरी तरह पीटा बल्कि जान से मारने की नीयत से उसका गला घोंटने और फांसी लगाने का भी प्रयास किया। घटना के बाद आरोपियों ने पीडिता के दो माह के दूधमुंहे बच्चे को छीनकर उसे घर से बाहर निकाल दिया।

जलालपुर बोरियों निवासी लक्ष्मी देवी पत्नी करन कुमार शनिवार की सुबह खेत में काम करने गई थी। शाम को जब वह थकी-हारी घर वापस लौटी तो ससुराल के लोग उसे बात-बात पर ताने मारने लगे और अकारण ही गाली-गलौज करने लगे। जब पीडिता इस अभद्रता और गाली-गलौज का विरोध किया तो बात बढ़ गई। पीडिता का आरोप है कि विरोध करने से बौखलाए उसके पति करन कुमार, सास, ससुर तथा ननद समेत अन्य परिजनों ने मिलकर लाठी-डंडों व लात-घूसों से उसकी पिटाई शुरू कर दी। अचानक हुए इस हमले में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई और उसे शरीर में कई जगह गंभीर चोटें आईं। आरोप है कि मार-पीट के दौरान ससुराल पक्ष के लोगों ने उसे जान से मारने की नीयत से फांसी लगाने का प्रयास किया। किसी तरह अपनी जान बचाकर पीडिता ने इस पूरी घटना की सूचना तत्काल अपने पिता को दी। इसके बाद दरिंदगी की हद पार करते हुए ससुराल वालों ने महिला की गोद से उसके दो माह के मासूम बच्चे को जबरन छीन लिया और उसे लहूलुहान अवस्था में घर से बाहर खदेड़ दिया। घटना के बाद पीडिता किसी तरह मूरतगंज पुलिस चौकी पहुंची और पूरी आपबीती सुनाते हुए पुलिस को लिखित शिकायत पत्र सौंपा।स्थानीय पुलिस का कहना है कि पीडिता की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है और जांच के पश्चात दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

टिकरा-ढेरहा मार्ग जर्जर, गड्ढों में गिरकर चोटिल हो रहे राहगीर

कौशाम्बी। सरसवां ब्लाक के टिकरा से ढेरहा और तिवारी पुरवा तक जाने वाला करीब तीन किलोमीटर लंबा प्रमुख मार्ग पूरी तरह जर्जर हो चुका है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे राहगीरों को आवागमन में परेशानी हो रही है। इस मार्ग पर आए दिन लोग गिरकर चोटिल हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार यह मार्ग पीएचसी टिकरा तक पहुंचने का प्रमुख रास्ता है। ऐसे में मरीजों और गर्भवती महिलाओं को भी इसी जर्जर सड़क से होकर गुजरना पड़ता है। सड़क की स्थिति बदहाल होने के कारण उन्हें अस्पताल तक पहुंचने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

ढेरहा गांव के पूर्व प्रधान लवलेश कुमार यादव ने बताया कि करीब डेढ़ साल पहले पीडब्लूडी विभाग ने सड़क की मरम्मत कराई थी, लेकिन महज एक साल के भीतर ही सड़क उखड़ने लगी और जगह-जगह गहरे गड्ढे हो गए। ऐसी स्थित में मार्ग से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, गांव के राजाराम ने बताया कि रामवन गमन मार्ग के निर्माण के लिए ओवरलोड डंपरों से मिट्टी की ढुलाई की जा रही थी। ग्रामीणों का आरोप है कि भारी वाहनों की आवाजाही के कारण सड़क पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। ग्रामीणों ने संबंधित अधिकारियों से मार्ग की जांच कराकर जल्द मरम्मत कराने की मांग की है, जिससे लोगों को आवागमन में राहत मिल सके। लोगों ने इस ओर अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग किए।

खाद संकट से किसान परेशान, सहकारी समितियों की हड़ताल से वितरण व्यवस्था बेपटरी

कौशाम्बी। जनपद में खाद की किल्लत के बीच साधन सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल ने किसानों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। खाद वितरण व्यवस्था प्रभावित होने से किसान जरूरत के मुताबिक खाद पाने के लिए भटक रहे हैं। फिलहाल पीसीएफ नगद बिक्री केंद्र से यूरिया और डीएपी का वितरण किया जा रहा है, लेकिन किसानों को महज दो-दो बोरी खाद ही मिल पा रही है।

साधन सहकारी समिति पश्चिम शरीरा, बैरमपुर ,कुमिहांवा, सहित जिले भर की समितियों के सचिवों के हड़ताल पर चले जाने से किसानों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पश्चिम शरीरा क्षेत्र के पूरब शरीरा,गोराजू,पभोषा,गढ़ी, चांदेराई और बाकरगंज समेत आसपास के गांवों के दर्जनों किसानों का कहना है कि उन्हें खेती के लिए पांच-पांच बोरी खाद की जरूरत है, जबकि केंद्र से केवल दो बोरी ही मिल रही हैं। ऐसे में फसलों की जरूरत पूरी करना मुश्किल हो रहा है। समय पर पर्याप्त खाद नहीं मिलने से खेती-किसानी प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि सरकारी केंद्रों से पर्याप्त खाद नहीं मिलने के कारण उन्हें निजी दुकानदारों का सहारा लेना पड़ रहा है। आरोप है कि निजी दुकानों पर एक बोरी खाद के लिए १६५० से २००० रुपये तक खर्च करने पड़ रहे हैं। इससे पहले से ही खेती की लागत से परेशान किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़ रहा है। किसानों ने जिम्मेदार अधिकारियों से खाद की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कराने और वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की मांग की है। अब सवाल यह है कि सहकारी समितियों के सचिवों की हड़ताल के बीच किसानों को उनकी जरूरत के मुताबिक खाद कब तक मिल पाएगी और महंगी खाद खरीदने की मजबूरी से उन्हें राहत कब मिलेगी।

नियमों का उल्लंघन करने पर २४९ वाहनों का किया गया ई-चालान

कौशाम्बी। जिले में सड़क सुरक्षा के तहत अभियान चला कर वाहनों की जांच किया गया। इस दौरान २४९ वाहनों में कागजात सही नहीं पाये गये। जिस पर इन वाहनों का ई-चालान कर दिया गया। इस दौरान वाहन चालको को बताया गया कि हेलमेट लगा कर वाहनों को चलाये। वाहन चलाते समय सभी कागजात लेकर चले। जिससे वह कारवाई से बच सकते है।

सड़क सुरक्षा अभियान के तहत शनिवार को जिलेभर में सुबह से रात तक वाहनों की चेकिंग की गई। इस दौरान नियमों की अनदेखी करने पर २४९ वाहनों का ई-चालान किया गया। अभियान में पिकअप और ट्रैक्टर समेत माल वाहक वाहनों में अवैध रूप से सवारी बैठाकर ले जाने वालों पर भी कार्रवाई की गई। पुलिस ने चालकों को माल वाहक वाहनों में यात्रियों को न बैठाने की हिदायत दी। साथ ही इंटरसेप्टर स्पीड रडार गन से ओवरस्पीड की जांच की गई। वाहनों के कागजात, नंबर प्लेट, हेलमेट और सीट बेल्ट के इस्तेमाल की भी पड़ताल की गई। पुलिस ने वाहन चालकों को निर्धारित गति सीमा में वाहन चलाने, ड्राइविंग के दौरान मोबाइल का इस्तेमाल न करने तथा नशे की हालत में वाहन न चलाने के प्रति जागरूक किया।

लकड़ी की तस्करी का आरोप प्रशासन की निगरानी पर उठे सवाल

शहजादपुर,कौशाम्बी। क्षेत्र में लकड़ी के अवैध कारोबार और तस्करी का मामला सामने आने से प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि शहजादपुर और आसपास के इलाकों में लकड़ी की कटान एवं ढुवाई का काम कथित रूप से धड़ल्ले से चल रहा है, लेकिन संबंधित विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों को इसकी भनक तक नहीं है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, क्षेत्र में कई स्थानों पर पेड़ों की कटाई के बाद लकड़ियों को ट्रैक्टर-ट्रॉली के माध्यम से दूसरे स्थानों पर ले जाया जाता है। इससे जहां पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, वहीं बिना आवश्यक अनुमति के लकड़ी के परिवहन की आशंका भी बनी हुई है। लोगों का कहना है कि दिन के समय भी लकड़ी से लदी ट्रैक्टर-ट्रॉलियां सड़कों पर दिखाई देती हैं, बावजूद इसके जिम्मेदार विभाग द्वारा प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। सड़क किनारे लकडियों से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली दिखाई दे रही है। हालांकि, सिर्फ तस्वीर के आधार पर लकड़ी को अवैध घोषित नहीं किया जा सकता। लकड़ी के परिवहन के लिए आवश्यक दस्तावेज और अनुमति होने या न होने की पुष्टि संबंधित विभाग की जांच के बाद ही हो सकती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि लकड़ी की कटान और परिवहन नियमों के विरुद्ध हो रहा है तो इसकी जांच कर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। साथ ही यह भी जांच का विषय है कि लकड़ी कहां से काटी जा रही है और उसे किस स्थान पर ले जाया जा रहा है। स्थानीय लोगों ने वन विभाग और प्रशासन से क्षेत्र में लकड़ी की कटान किया जा रहा है।

मकान में आग लगने से नकदी सहित लाखों का सामान जलकर राख

चायल,कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के मोहम्मदपुर गांव में शनिवार शाम शॉर्ट सर्किट से एक मकान में आग लग गई। आग की चपेट में आने से नकदी समेत लाखों रुपये का गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। घटना से परिवार के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है।

मोहम्मदपुर गांव निवासी महादेव सिंह पटेल १३२ केवी पावर हाउस के पीछे स्थित अपने निजी मकान में परिवार के साथ रहते हैं। शनिवार शाम घर की महिलाएं और बच्चे बाहर थे। इसी दौरान अचानक मकान से धुआं उठने लगा। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। परिजनों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक घर में रखा फ्रिज, इंडक्शन, बेड, चारपाई, अलमारी और सोफा सेट समेत अन्य सामान जलकर राख हो गया। घर में रखे २५ हजार रुपये भी आग की भेंट चढ़ गए। महादेव सिंह और उनके पुत्र पदारथ सिंह खेती-किसानी करते हैं। मेहनत की कमाई से जुटाई गई गृहस्थी का सामान आग में नष्ट होने से परिवार के लोग बेहद चिंतित हैं। हादसे के बाद परिवार को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। परिजनों ने घटना की जानकारी तहसील प्रशासन को दे दी है



आग से जले सामान को दिखाते गृहस्वामी।

बीच-बचाव करने पर युवक की हत्या का प्रयास

कौशाम्बी। मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के थांभा गांव में बीच-बचाव करने पहुंचे एक युवक की हत्या का प्रयास किया गया। सिर पर डंडा लगने से उसको गंभीर चोटें आई हैं। मामले में हत्या की कोशिश का मुकदमा कायम कर पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थांभा निवासी कमलेश कुमार सरोज ने बताया कि २३ अक्तूबर की शाम गांव का सूरज अपने पिता शिवभवन से झगड़ा कर रहा था। पीडित के मुताबिक, उसके भाई लवलेश ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव कर दिया। इसी बात पर सूरज आगबबूला हो गया। उसने लवलेश के सिर पर डंडे से कई वार कर दिए। इससे लवलेश खून से लथपथ होकर वहीं पर बेहोश होकर गिर पड़ा। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे परिजनों ने आननफानन उसको मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। इस संबंध में नगर कोतवाल विनीत सिंह का कहना है कि हत्या के प्रयास का मुकदमा कायम किया गया है। आरोपी की तलाश कराई जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कराया जाएगा।

शौचालयों में लटक रहे ताले

कौशाम्बी। ग्रामीणों को स्वच्छ और सुलभ शौच सुविधा उपलब्ध कराने के लिए बनाए गए सामुदायिक शौचालयों की स्थिति नेवादा ब्लाक में ठीक नहीं है। रामपुर, बरियांवा, चकपिन्हा, पेरई और भगवानपुर ग्राम पंचायतों में पड़ताल के दौरान कहीं शौचालयों पर ताला लटका मिला तो कहीं साफ-सफाई की व्यवस्था पर सवाल उठे। चकपिन्हा में लाखों रुपये की लागत से बना सामुदायिक शौचालय भी संचालित नहीं होने की बात सामने आई। इससे ग्रामीणों को सरकारी योजना का अपेक्षित लाभ नहीं मिल पा रहा है। वित्तीय वर्ष २०२५-२६ से अब तक पेरई, रामपुर और बरियांवा में सामुदायिक शौचालयों की मरम्मत मद में कोई खर्च दर्ज नहीं है। वहीं, पेरई में केयरटेकर कृष्णा स्वयं सहायता समूह को मार्च २०२६ तक छह हजार रुपये प्रतिमाह भुगतान मिलने का उल्लेख है। बरियांवा में शारदा स्वयं सहायता समूह को अप्रैल २०२६ तक केयरटेकर भुगतान की जानकारी दी गई है। रामपुर में मरम्मत और मानदेय, दोनों मदों में शून्य प्रविष्टि बताई गई है। इन विवरणों की अभिलेखों से पुष्टि होने पर ही वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। स्थानीय निवासी लवलेश कुमार, मायराम, ज्ञान सिंह और सूरज ने शौचालयों की साफ-सफाई और संचालन पर सवाल उठाए। उनका कहना है कि गंदगी जमा होने और शौचालय बंद रहने से लोगों को परेशानी होती है। ग्रामीणों ने नियमित सफाई, पानी की उपलब्धता और जरूरी मरम्मत कराने की बात कही है।

संदिग्ध दशा में डेढ़ लाख रुपया कीमत के गहने गायब

कौशाम्बी। कोखराज के गिरसा गांव स्थित एक मकान से बक्से में रखे करीब डेढ़ लाख रुपया कीमत के गहने गायब हो गए। खोजबीन के बाद भी सुराग नहीं लगने पर रविवार को गृहस्वामी ने पुलिस को तहरीर दिया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

गिरसा निवासी गिरधारी लाल किसानी करते हैं। वह घर पर अपनी पत्नी और दो बेटियों के साथ रहते हैं। घर के एक कमरे में बक्सा रखा हुआ था, जिसमें परिवार के जेवरात समेत अन्य जरूरी दस्तावेज रखे थे। बक्से की चाबी कमरे के पास दीवार पर रखी रहती थी। जिस कमरे में बक्सा रखा था, उसका दरवाजा भी बंद नहीं रहता था। पीडित ने बताया कि २२ अक्तूबर को उसकी पत्नी मायके जाने के लिए गहने निकालने कमरे में पहुंची तो बक्से का नजारा देख दंग रह गई। गहनों की पन्नी खाली मिली। जबकि, जेवरात नहीं थे। आभूषण के साथ बक्से में रखा बैंक पासबुक, आधार कार्ड, दिव्यांग प्रमाणपत्र और सहारा में जमा २० हजार रुपये के बांड का पेपर भी गायब था। दो दिनों तक परिवार ने अपने स्तर से खोजबीन की। इसके बाद पुलिस को तहरीर दी। इस संबंध में कोखराज इंस्पेक्टर संतोष शर्मा का कहना है कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है। जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मौसम बदलते ही लोग होने लगे बीमार

कौशाम्बी। मौसम में अचानक बदलाव होने की वजह से लोग संक्रामक बीमारियों का शिकार हो रहे है। दिन में तेज धूप और रात में तापमान गिरने से मौसम का बदलता मिजाज लोगों की सेहत पर असर डाल रहा है। दिन और रात के तापमान में अंतर के बीच सरसवां प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में सर्दी-खांसी, सीजनल फ्लू और चर्म रोग से पीडित मरीज उपचार कराने पहुंच रहे हैं। हालांकि, पिछले १५ दिनों की तुलना में अस्पताल की कुल ओपीडी में कमी आई है। पहले जहां रोजाना २५० से ३०० मरीज पहुंचते थे, वहीं अब यह संख्या घटकर करीब १५० रह गई है। इनमें ५० से अधिक मरीज मौसमी बीमारियों से ग्रसित पाए जा रहे हैं। मौसम में बदलाव के दौरान दिन में गर्मी महसूस होने पर लोग हल्के कपड़े पहनते हैं, जबकि रात में ठंड बढ़ने से शरीर को तापमान के उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ता है। इसके साथ धूल और शुष्क हवा भी कुछ लोगों में एलर्जी, छींक, नाक बहने और त्वचा में खुजली जैसी समस्याएं बढ़ा सकती हैं। पहले से एलर्जी या सांस संबंधी परेशानी वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। पीएचसी प्रभारी डॉ. प्रसून जायसवाल ने बताया कि इन दिनों मरीजों की संख्या पहले के मुकाबले कम हुई है, लेकिन बदलते मौसम में सर्दी-खांसी, सीजनल फ्लू और चर्म रोग के मरीज आ रहे हैं। उन्होंने लोगों को मौसम के अनुसार कपड़े पहनने, रात में ठंड से बचने, साफ-सफाई रखने और पर्याप्त पानी पीने की सलाह दी। बुखार, सांस लेने में परेशानी या लक्षण लगातार बने रहने पर चिकित्सक से परामर्श लेना चाहिए। बिना सलाह के दवाएं लेने से बचना भी जरूरी है।

२४७ साल पुरानी रामलीला में विदायी के समय छलक पड़े आंसू

कौशाम्बी। दारानगर की ऐतिहासिक २४७ साल पुरानी सजीव रामलीला में शुक्रवार रात विदाई का दृश्य हर किसी को भावुक कर गया। १३ दिनों तक भगवान राम, लक्ष्मण, माता जानकी और हनुमान के स्वरूपों का मंचन करने वाले कलाकारों की विदाई के समय श्रद्धालुओं की आंखें भर आईं। करीब ८० वर्षीय प्रधान पुजारी पंडित चंद्रिका प्रसाद मिश्र के भावुक शब्द सुनकर वहां मौजूद लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। दारानगर बाजार स्थित हनुमान मंदिर में शुक्रवार रात करीब एक बजे रामलीला कमेटी के पदाधिकारियों और प्रधान पुजारी ने भगवान के स्वरूपों की विदाई की। इस दौरान कलाकारों से लेकर आयोजन से जुड़े लोग तक भावुक हो उठे। प्रधान पुजारी करीब ३० वर्षों से रामलीला के दौरान १३ दिन तक सुबह-शाम आरती, पूजन और अन्य सेवाएं करते आ रहे हैं। विदाई के समय उन्होंने कहा, कितने वर्षों से भगवान की सेवा कर रहा हूं, न जाने अगले साल कर पाऊंगा कि नहीं। उनके इन शब्दों ने माहौल को और भावुक कर दिया। दारानगर की रामलीला अपनी अनूठी परंपराओं के लिए जानी जाती है। यहां रावण दहन के बजाय रावण वध होता है। पारंपरिक सामग्री से पात्रों का श्रृंगार किया जाता है। भगवान राम की सवारी की शिया समुदाय के लोग आरती करते हैं, जबकि मुस्लिम बैंड वर्षों से अपनी सेवा देता आ रहा है। सजीव कुप्पी युद्ध भी रामलीला का प्रमुख आकर्षण है। कमेटी अध्यक्ष जयमणि तिवारी और सदस्य मनीष पाठक ने बताया कि १३ दिनों तक श्रद्धा और अनुशासन से निभाए गए पात्रों को विदा करते समय वे भी भावुक हो गए।

ढेड़िया त्योहार पर महिलाओं ने निकाली झांकी

कौशाम्बी। स्थानीय नगर पंचायत के सनई मंडी में डेढिया पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ भव्य झांकी निकाली।

स्थानीय नगर पंचायत के सनई मंडी में डेढिया पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ भव्य झांकी निकाली। ढोल-ताशे की गूंज के बीच सजी बारात ने नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण किया। इससे पूरे क्षेत्र में उत्सव का माहौल रहा। महिलाओं की बारात सनई मंडी से शुरू होकर सब्जी मंडी, किराना गली, जीटी रोड, लाई मंडी और शायरी माता मंदिर होते हुए वापस सनई मंडी पहुंची, जहां कार्यक्रम का समापन हुआ। रास्ते भर महिलाओं का उत्साह देखते ही बना। आयोजन में सरिता केसरवानी, पूजा देवी, सुशीला देवी, अंकु विश्वकर्मा, अनु विश्वकर्मा, पिंकी केसरवानी, प्रगति और अनन्या समेत सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया।

चीन में होने वाली विश्व चौम्पियनशिप के लिए सनिध्य धर द्विवेदी का चयन



खेल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करता खिलाड़ी ।

कड़ा,कौशाम्बी। राष्ट्रीय पदक विजेता सनिध्य धर द्विवेदी का विश्व सॉफ्ट टेनिस चैंपियनशिप के लिए चयन हुआ है। यह प्रतियोगिता २६ से ३१ अक्टूबर २०२६ तक चीन में आयोजित की जाएगी। १६ वर्षीय सानिध्य कक्षा का ११ के छात्र है और दो भाइयों में छोटा है, बड़ा भाई आदित्य द्विवेदी बीडीएस की पढ़ाई कर रहा है, सानिध्य ने अपनी सफलता का श्रेय पिता शैलेन्द्र धर द्विवेदी व माता संगीता द्विवेदी एवं कोच उजैर अहमद को दिया है। सानिध्य लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलता है और अंडर १८ में पूरे देश से पांच खिलाड़ी चुने जाते हैं जिसमें उत्तर प्रदेश से सिर्फ सानिध्य का चयन हुआ है।

सिराथू तहसील क्षेत्र के गौसपुर नवावा निवासी सनिध्य ने ११ से १४ सितंबर २०२६ तक गुजरात के अहमदाबाद में आयोजित चयन ट्रायल के माध्यम से अपनी जगह पक्की की। वह कई बार राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीत चुके हैं। इसके अलावा, थाईलैंड में दो स्वर्ण पदक जीतकर भी उन्होंने देश का गौरव बढ़ाया है। सनिध्य का विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन होना उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। अब वह इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन कर भारत का नाम रोशन करने और देश के लिए और उपलब्धियां हासिल करने के लक्ष्य के साथ उतरेंगे। १६ वर्षीय सानिध्य कक्षा का ११ के छात्र है और दो भाइयों में छोटा है, बड़ा भाई आदित्य द्विवेदी बीडीएस की पढ़ाई कर रहा है, सानिध्य ने अपनी सफलता का श्रेय पिता शैलेन्द्र धर द्विवेदी व माता संगीता द्विवेदी एवं कोच उजैर अहमद को दिया है। सानिध्य लखनऊ के केडी सिंह बाबू स्टेडियम में खेलता है और अंडर १८ में पूरे देश से पांच खिलाड़ी चुने जाते हैं।